संख्या-1/2511/बयालिस-2013-92(वी)/2013

प्रेषक,

शशि भूषण लाल सुशील,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उ0प्र0 लखनऊ।

खेलकूद अनुभाग लखनऊ : दिनांक 16 सितम्बर, 2013

विषय – खेल विभाग के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था के चयन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि खेल विभाग के अन्तर्गत निर्माण कार्यो के लिए वर्तमान समय में शासन द्वारा चयनित निर्माण इकाईयों में से किसी एक कार्यदायी संस्था का चयन कर निर्माण कार्य हेतु आगणन प्राप्त कर लिये जाते हैं तत्पश्चात परीक्षण कराकर कार्य स्वीकृत कर दिया जाता है । उक्त प्रक्रिया से यह ज्ञात नहीं हो पाता है कि कौन सी कार्यदायी संस्था निर्माण कार्य को कम लागत में करा सकती है ।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि खेल विभाग के अन्तर्गत निर्माण कार्यो के लिये निर्माण एजेन्सियों के चयन के सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया है कि किसी भी निर्माण कार्य को कराये जाने के लिए कम से कम तीन कार्यदायी संस्थाओं से आगणन प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराये जायेगें एवं आगणनों को उच्च स्तर पर प्रस्तुत कर कार्यदायी संस्था का चयन कराया जाएगा । कृपया तदनुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें ।

भवदीय,

(शशि भूषण लाल सुशील)
विशेष सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in